# राजस्थान सरकार
# सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांक प.2(1591)सूप्रौ/संस्था/13/पार्ट–1/01481 जयपुर, दिनांकः 25.02.2022

## कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश क्रमांक प.2(1401)सूप्रौ/संस्था/13/पार्ट–5/एमएल–3447/2021 दिनांक 17.09.2021 (क्र.सं. 01) के द्वारा श्री सुनील भाटिया, सिस्टम एनालिस्ट(संयुक्त निदेशक) का स्थानांतरण/पदस्थापन कार्यालय–महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, अजमेर से जिला कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जालौर में श्री योगेश कुमार पुत्र श्री आनन्द कुमार सोगरा, सिस्टम एनालिस्ट(संयुक्त निदेशक) के स्थान पर किया गया था।

माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर द्वारा अपील संख्या 4100/2021 में पारित आदेश दिनांक 28.09.2021 के द्वारा श्री सुनील भाटिया, सिस्टम एनालिस्ट(संयुक्त निदेशक) के स्थानांतरण आदेश दिनांक 17.09.2021 का क्रियान्वयन अपीलार्थी के पदस्थापन के संबंध में अधिकरण के आगामी आदेश तक स्थगित रखा है। माननीय अधिकरण के आदेश के क्रम में श्री सुनील भाटिया, सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) अपने पूर्व पदस्थापित कार्यालय यथा महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, अजमेर में यथावत कार्यरत रहेंगे।

विभागीय आदेश क्रमांक प2(1401)सूप्रौ/संस्था/13/पार्ट–5/एमएल–3447/2021 दिनांक 17.09.2021 (क्र.सं. 04) के द्वारा श्री योगेश कुमार पुत्र श्री आनन्द कुमार सोगरा, सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) का स्थानांतरण/पदस्थापन जिला कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जालौर से महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, अजमेर में श्री सुनील भाटिया, सिस्टम एनालिस्ट(संयुक्त निदेशक) के स्थान पर किया गया था, जिसे निरस्त किया जाता है और श्री योगेश कुमार पुत्र श्री आनन्द कुमार सोगरा, सिस्टम एनालिस्ट(संयुक्त निदेशक) का स्थानांतरण/ नवपदस्थापन कार्यालय– **जिला कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जालौर** किया जाता है।

उपरोक्त आदेश की पालना में श्री योगेश कुमार पुत्र श्री आनन्द कुमार सोगरा, सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) अपने नवपदस्थापन कार्यालय में उपस्थिति देवें।

उक्त आदेश प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग (अनुभाग–1) की आई.डी. संख्या. 298 दिनांक 24.02.2022 से प्राप्त सहमति उपरांत जारी किये जा रहे हैं।

**उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।**

नोटः–नियमानुसार यात्रा भत्ता/योगकाल देय होगा।

आज्ञा से,

( सुनील छाबडा )
तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1 निजी सचिव, प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय (प्रभारी मंत्री महोदय, सू.प्रौ. और संचार विभाग) राजस्थान, जयपुर।
2 निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव / आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
3 निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग, जयपुर।
4 संबंधित विभागाध्यक्ष /कार्यालयाध्यक्ष.......................... ।
5 निजी सचिव, विशेषाधिकारी (डीके), मुख्यमंत्री कार्यालय, शासन सचिवालय, जयपुर।
6 कार्यालयाध्यक्ष/ प्रभारी अधिकारी संस्थापन, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
7 प्रभारी अधिकारी (वेबसाईट), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
8 प्रभारी अधिकारी विशेषाधिकारी (यू.आई.डी.) /लीगल सैल, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
9 संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर लेख है कि तुरन्त प्रभाव से नव पदस्थापन विभाग में कार्यग्रहण कर इस विभाग को सूचित करें साथ ही कार्यग्रहण रिपोर्ट oic.estt@rajasthan.gov.in पर ई–मेल करें।
10 निजी/रक्षित पत्रावली।

तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव